शनिवार
01 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




दो भाइयों के बीच पूर्व के जमीन विवाद में सरेराह फायरिंग, मची सनसनी

2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ऐलान, नहीं बढ़ेगी कीमत

❒ सीएम ने कहा-13 हजार 114 करोड़ की सब्सिडी सरकार देगी, राज्यों को एक रेट पर बिजली दे केंद्र

**केटी न्यूज/पटना**



राज्य के सभी बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। एक अप्रैल से बढ़ने वाली कीमतों को लेकर लोग परेशान थे कि इस महंगाई में बिजली की दर बढ़ने पर इसका असर उनकी जेब पर पड़ेगा। लेकिन शुक्रवार को सदन में नीतीश कुमार ने एलान कर लोगों को राहत दी है। बिहार विधानसभा में सदन में सीएम नीतीश कुमार और ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव ने एलान किया कि एक अप्रैल से बढ़ने वाली कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 13 हजार 114 करोड़ रुपए की सब्सिडी सरकार देगी। नीतीश ने सभी राज्यों को एक ही रेट पर बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। बता दें कि 24.10 प्रतिशत की वृद्धि बिजली दरों में हुई थी। एक अप्रैल 2023 से लागू होना था। विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार में बिजली दर में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की थी। अब सदन में नीतीश कुमार और ऊर्जा मंत्री के एलान के बाद आम जन के लिए यह राहत भरी खबर आई है।

**केंद्र सरकार बिहार को अधिक रेट पर दे रही बिजली :** इधर जेडीयू ने इसे बिहारवासियों के लिए तोहफा बताया है। कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में केंद्र सरकार बिहार को अधिक रेट पर बिजली दे रही है। इसके बावजूद नीतीश कुमार ने फैसला लिया है कि इस मंहगी बिजली का बोझ बिहारवासियों पर बिल्कुल नहीं आने दिया जाएगा। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सदन में कहा कि बीजेपी वालों को केंद्र से कहना चाहिए कि वन नेशन, वन रेट लागू करें। रेट पर जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि बिहार को 5.82 रुपये प्रति यूनिट बिजली मिलती है, जबकि गुजरात को 3.74 रुपये प्रति यूनिट। सीएम ने कहा, मध्यप्रदेश को 3.49 रुपये प्रति यूनिट बिजली देते हैं। बिहार इतना गरीब राज्य है, इसका ख्याल रखना चाहिए। बता दें कि बिजली बिल फिक्स्ड चार्ज में भी दोगुना से ज्यादा बढ़ोतरी का फैसला सुनाया गया था। प्रति यूनिट बिजली का दर सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी के आधार पर तय होना था। बिहार में बिजली करीब दो रुपये प्रति यूनिट महंगा होने की संभावना थी।

## अन्य राज्यों की तुलना में बिहार को महंगी बिजली दे रही केंद्र सरकार



**पटना।** बिजली बिल में वृद्धि बिहार में एक बड़ा मुद्दा बन गया था। बिहार सरकार ने आज प्रदेश वासियों के लिए अच्छी खबर दी है। बजट सत्र के दौरान सीएम नीतीश कुमार और उर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने शुक्रवार को सदन में एलान किया कि बिजली दर में वृद्धि नहीं की जाएगी। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने इसका स्वागत किया है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर बिजली के मुद्दे पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गुजरात, महाराष्ट्र जैसे राज्यों को सस्ती बिजली देती है. बिहार गरीब राज्य है। बिहार को महंगी बिजली केंद्र सरकार देती है। बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार को केंद्र सरकार सहयोग करे। बिजली सस्ती दर पर मुहैया कराए। सभी प्रदेशों को एक ही दाम पर केंद्र सरकार बिजली मुहैया कराए। बिहार सरकार अपने बलबूते पर बिजली दर नहीं बढ़ने देगी। बिहार सरकार 13 हजार करोड़ का सब्सिडी देगी। हम लोगों को गरीब जनता की चिंता है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा सीबीआई को लेकर दिए गए बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा कि अमित शाह यह तो बोले कि सीबीआई उन पर मोदी का नाम लेने के लिए प्रेशर बना रही थी। अब भी प्रेशर सीबीआई पर बनाया जा रहा।

## खबरें फटाफट

### मॉर्टिन क्वॉइल के धुंए के कारण दम घुटने से छह की मौत

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के नॉर्थ-ईस्ट इलाके 6 लोगों की मौत का मामला सामने आया है। शास्त्री पार्क में एक घर में गुरुवार रात परिवार के 8 लोगों में से 6 की दम घुटने से मौत हो गई। मौत की वजह मच्छर भगाने वाले मॉर्टिन को बताया जा रहा है। कॉइल के कारण गद्दे में आग लग गई थी, जिसके चलते दो लोगों की जलने से और अन्य 4 की दम घुटने से मौत हो गई। .बताया जाता है कि परिवार ने रात में सोने से पहले मच्छर अगरबत्ती जलाई। इसके साथ घर के खिड़की और दरवाजे बंद कर लिए। इससे कमरे में धुआं भर गया। साथ ही अगरबत्ती गद्दे पर गिर गई और आग लग गई। इससे सबका दम घुटने लगा। सभी को पास के जग प्रवेश चंद्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टर्स ने 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### कल जेल से रिहा हो सकते हैं सिद्धू

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू शनिवार को पटियाला जेल से रिहा हो सकते हैं। सिद्धू के ट्विटर हैंडल से ये जानकारी साझा की गई है। हालांकि पंजाब सरकार ने इसकी विधिवत जानकारी नहीं दी है। अभी कैदियों की रिहाई पर बैठकों का दौर चल रहा है। इस बीच सिद्धू नेकंसर्न्ड अथॉरिटी द्वारा साझा जानकारी के आधार पर ये सूचना पोस्ट की है। आपको बता दें कि 1990 के रोड रेज मामले में एक साल की सजा होने के बाद 20 मई 2022 से पटियाला जेल में बंद हैं।

## वित्तीय वर्ष 2023-24 की शुरूआत, इनकम टैक्स के नियमों में बड़ा बदलाव

# जेब पर असर: आज से कार खरीदना होगा महंगा, राज्यमार्गों पर बढ़ेगा टोल टैक्स

**एजेंसी/नई दिल्ली**



■ न्यू रिजीम के तहत टैक्स छूट की सीमा बढ़ाकर सात लाख रुपए

■ यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगेगा सरचार्ज

एक अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष 2023-24 की शुरूआत हो रही है। ऐसे में इनकम टैक्स से रिलेटेड कई नियमों में बड़ा बदलाव होने वाला है। नए टैक्स स्लैब से लेकर टैक्स लिमिट बढ़ने तक और डेट म्यूचुअल फंड पर कोई एलटीसीजी टैक्स बेनेफिट्स जैसे कई प्रमुख बदलाव होंगे। इसके अलावा कल एलपीजी के नए रेट अपडेट होंगे, कारों के दाम बढ़ने वाले हैं। साथ ही सोने की बिक्री के हॉलमार्क अनिवार्य होगा। वहीं, ई-गोल्ड पर भी टैक्स नहीं लिया जाएगा। वहीं, बीते फरवरी महीने में आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न्यू टैक्स रिजीम को लेकर कई अहम ऐलान किए थे। एक अप्रैल 2023 से नई टैक्स व्यवस्था डिफॉल्ट टैक्स व्यवस्था के रूप में काम करेगी। हालांकि टैक्सपेयर टैक्स भरने के लिए पुरानी व्यवस्था का चयन कर सकेंगे।

**सात लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री :** न्यू रिजीम के तहत टैक्स छूट की सीमा बढ़ाकर सात लाख रुपए की गई है। पहले यह छूट पांच लाख रुपए तक की थी। यानी की सात लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री हो गई है। इसके अलावा न्यू रिजीम के तहत 15.5 लाख रुपये या उससे अधिक आय वाले प्रत्येक वेतनभोगी व्यक्ति को 52,500 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी दिया जाए। ये दोनों नियम एक अप्रैल से प्रभावी होंगे। साथ ही, सोने की ज्वेलरी और संबंधित वस्तुओं पर हॉलमार्किंग एक अप्रैल, 2023 से अनिवार्य कर दी गई है। एक अप्रैल से केवल 6 डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग ही मान्य होंगे। यानी 31 मार्च 2023 के बाद चार अंकों के हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) वाले आभूषणों की बिक्री नहीं की जा सकती है।

**यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगेगा चार्ज :** एक अप्रैल से सड़क यात्राएं महंगी हो जाएंगी। पूरे देश में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल टैक्स बढ़ाई जा सकती है। हालाकि, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के लिए संशोधन पहले ही किए जा चुके हैं। एनएचएआई ने टोल की दरों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी। साथ ही, एक अप्रैल से यूपीआई से लेन-देन भी महंगा हो सकता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई से मर्चेंट ट्रांजैक्शंस पर प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स फीस लागू करने को कहा है। इसके सर्कुलर के मुताबिक 2000 रुपये से अधिक की राशि के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर चार्ज लगेगा। बता दें कि इससे आम लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**कंपनी की गाड़ियों के दाम बढ़ जाएंगे :** शनिवार से गाड़ी खरीदना भी महंगा पड़ेगा। अगले महीने से टाटा मोटर्स, हीरो मोटोकॉर्प और मारुति ने अपने गाड़ियों पर दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। वहीं, एक अप्रैल से नई सेडान कार खरीदना भी काफी महंगा पड़ने वाला है। होंडा अमेज की कार भी अगले महीने से महंगी होने जा रही है। इन कंपनियों ने बताया कि एक अप्रैल से कंपनी की गाड़ियों के दाम बढ़ जाएंगे और अलग-अलग मॉडल के आधार पर कंपनी की गाड़ियों के दाम बढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा पांच लाख रुपये से अधिक के एनुअल प्रीमियम वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी टैक्स के दायरे में होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2023 पेश करते हुए इसके बारे में ऐलान किया था। हालांकि, यह यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान पर लागू नहीं होगा।

**एलपीजी सिलेंडर के दाम होंगे अपडेट :** एक अप्रैल को एलपीजी सिलेंडर के दाम अपडेट होंगे। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर के दाम अपडेट होते हैं। साथ ही, डेट म्यूचुअल फंड के नियम में अहम बदलाव होने वाला है। सरकार ने डेट स्कीम पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेंस खत्म कर दिया है। अब म्यूचुअल फंड पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स के तौर पर टैक्स लगेगा। बताया जाता है कि बजट 2023 पेश करते हुए सीतारमण ने कहा था कि फिजिकल गोल्ड को इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद (ईजीआर) में बदला जाएगा और इस पर कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा।

# सासाराम व नालंदा में रामनवमी के जुलूस के बाद हिंसक झड़प पथराव व फायरिंग

**केटी न्यूज/पटना**

रोहतास और नालंदा में रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर शुक्रवार को हिंसक झड़प हुई। दोनों तरफ से बमबाजी, फायरिंग और पत्थरबाजी में कई लोग घायल हो गए। घर और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। सासाराम और पूरे नालंदा में धारा-144 लगा दी गई है। नालंदा के बिहारशरीफ में फायरिंग में 7 लोगों को गोली लगी है। 12 से ज्यादा बाइकें फूंक दी गई हैं। कई दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक स्थिति यहां नियंत्रण में है। वहीं, रोहतास के सासाराम में विवाद की शुरूआत रात को ही शोभायात्रा के दौरान हुई थी। जहां शुक्रवार को विवाद और बढ़ गया। घरों पर बम चलाए गए। कुछ घरों को आग के हवाले कर दिया गया है। पत्थरबाजी में दो पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर तीन जिलों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। इंटरनेट बंद कर दिया गया है।



**बिहारशरीफ में पथराव-फायरिंग में 2 को गोली लगी :** नालंदा के बिहारशरीफ में शुक्रवार को रामनवमी की शोभायात्रा निकालने के दौरान हंगामा हुआ है। शाम को शोभायात्रा बिहारशरीफ के हास्पिटल मोड़ से बाबी मणीराम के अखाड़ा तक जा रही थी। इसी दौरान गगन दीवान के पास दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी होने लगी। फिर आक्रोशित लोगों ने गाड़ियों और मकानों में आग लगानी शुरू कर दी। करीब 1 दर्जन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया है। कुछ देर बाद फायरिंग होने लगी।






## मैट्रिक का रिजल्ट जारी: टॉप 10 में 90 परीक्षार्थी, टॉप 5 में 21 परीक्षार्थी

# शेखपुरा के मो. रुम्मान अशरफ ने राज्य में किया टॉप

● बोर्ड ने वेरीफिकेशन के लिए 250 से ज्यादा परीक्षार्थियों को बुलवाया

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से शुक्रवार को मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया गया। इस बार सिर्फ ज्यादा प्राप्तांक लाने भर से टॉपर नहीं बने, उन्हें भौतिक परीक्षण से भी गुजरना पड़ा कि वह टॉपर कहलाने लायक हैं। बोर्ड ने कुल 90 परीक्षार्थियों को टॉप 10 में रखा है। वहीं टॉप 5 में 21 परीक्षार्थी आए हैं। इसमें शेखपुरा के मो. रुम्मान अशरफ पहले नंबर पर, भोजपुर की नम्रता दूसरे पर और औरंगाबाद की ज्ञानी अनुपमा तीसरे नंबर पर रही। इस बार 81 प्रतिशत छात्र पास किए हैं। इनमें टॉप 5 में सबसे ज्यादा जमुई के परीक्षार्थी हैं। सिमुलतला आवासीय विद्यालय के दो परीक्षार्थी टॉप 5 और 10 परीक्षार्थी टॉप 10 में आए हैं। बोर्ड ने 37 दिन में 16 लाख छात्रों का रिजल्ट का रिजल्ट जारी किया है। इस टॉपर्स सूची को फाइनल करने के लिए 250 से ज्यादा ऐसे परीक्षार्थियों को बिहार बोर्ड ने वेरीफिकेशन के लिए बुलाया था, जो प्राप्तांकों के मामले में आगे थे।

**हैंड राइटिंग का हुआ भौतिक सत्यापन :** टॉपर घोषित करने से पहले सबसे ज्यादा नंबर लाने वाले पूरे बिहार के परीक्षार्थियों को बिहार बोर्ड में रविवार तक वेरीफिकेशन के लिए बोर्ड मुख्यालय में बुलाया गया था। इसमें कोई फर्जी टॉपर नहीं बन जाए, इसके लिए मैट्रिक परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिकाओं से हैंड राइटिंग का भौतिक सत्यापन किया गया। यह भी देखा गया कि जवाब देते समय क्लियरिटी है या नहीं, मतलब कन्फ्यूजन या अंदाजन तो नहीं है। इसके साथ ही यह भी देखा गया कि परीक्षार्थी कॉन्फिडेंट है या नहीं, मतलब अगर मीडिया के सामने पड़ा तो हिचकिचाएगा तो नहीं। टॉपर्स की सूची बनाने के बाद यह देखा जाता है कि सर्वाधिक नंबर वाले कितने परीक्षार्थी हैं। उन सभी को टॉप 1 में रखा गया। उसके बाद जिन सभी का प्राप्तांक हुआ, उन्हें सेकंड टॉपर के रूप में घोषित किया गया। इसी तरह बाद वालों की भी सूची इसी तरह बनाई गई।

**टॉपर्स को दिए जाएंगे लैपटॉप और नकद, किंडल ई-बुक रीडर :** बहार बोर्ड इंटर के साथ-साथ मैट्रिक में भी टॉपर्स छात्रों को लैपटॉप, नकद और किंडल ई-बुक रीडर देता है। हाल ही में इंटर 2023 का रिजल्ट आया था। उसी दिन प्रोत्साहन राशि और इनाम की भी घोषणा की गई थी। इसी तरह मैट्रिक के छात्रों को भी प्रोत्साहन राशि और बाकी इनाम दिया जाता है। वैसे छात्र या छात्राएं जिन्होंने बेहतर किया है उसे प्रोत्साहन के रूप में यह दिया जाता है।

## खबरें फटाफट

### मनाई गई दीदी की रसोई की वर्षगांठ

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने शुक्रवार को सदर अस्पताल में संचालित दीदी की रसोई के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर जीविका दीदियों के साथ केक काट कर वर्षगांठ मनाया गया। साथ हीं जिला पदाधिकारी द्वारा सदर अस्पताल में संचालित आयुष्मान भारत के हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जीविका दीदी को निदेश दिया गया कि दीदी की रसोई को और भी बेहतर किया जाए। जिससे अधिक-से-अधिक आने वाले लोग इसका लाभ उठा सके। साथ हीं आयुष्मान भारत के हेल्प डेस्क को दृष्टीगोचर स्थान पर संचालित करने का निदेश दिया गया, ताकि आयुष्मान भारत का लाभ ज्यादा-से-ज्यादा लाभुक उठा सकें।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**आरा।** पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत हसन बाजार रेलवे क्रॉसिंग के समीप आरा-सासाराम रेलखंड पर गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका तरारी थाना क्षेत्र के केशोपुर गंगटी गांव निवासी मोहन सिंह की 65 वर्षीया पत्नी संध्या देवी हैं। इधर मृतक के बड़े बेटे हरेंद्र कुमार ने बताया कि वह पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत रामनगर सीकरी गांव अपने भाई के घर जा रही थी। उसी दौरान वह हसन बाजार रेलवे क्रासिंग के समीप ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनके रिश्तेदारों द्वारा उन्हें यह सूचना मिली कि ट्रेन हादसे में उनकी मौत हो गई है। सूचना पाकर मृतका के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

# गर्मियों के मौसम व नमी के कारण दिमागी या चमकी बुखार की बढ़ जाती है संभावना

- एईएस और जेई को लेकर सदर अस्पताल में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन
- प्रखंडों के एमओआईसी और स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई एईएस प्रबंधन की जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर अस्पताल में एक्यूट इंसेफलाइटिस सिंड्रोम(एईएस) और जापानी इंसेफलाइटिस(जेई) के प्रबंधन पर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा और संचालन जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक डीवीबीडीसी राजीव कुमार ने बताया कि एईएस मुख्य रूप से बच्चों की बीमारी है। हालांकि, एईएस से ग्रसित बच्चे तिरहुत प्रमंडल में ज्यादा हैं। फिलहाल अभी जिले के एईएस और जेई से जिले के बच्चे अछूते हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहता है। चमकी आने की स्थिति में मरीज को करवट या पेट





के बल लेटाना चाहिए। शरीर के कपड़े को ढीला कर दें। मरीज के मुंह में कुछ भी नहीं डालें। जिला स्वास्थ्य समिति एईएस और जेई के प्रति पूरी तरह से अलर्ट है। किसी भी तरह का कोई भी अप्रिय घटना न हो, इसके लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

**अत्यधिक गर्मी एवं नमी के मौसम में यह बीमारी फैलती है :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि हर साल गर्मियों के दिनों में दिमागी या चमकी बुखार का खतरा बढ़ जाता है। इस बीमारी से एक से 15 वर्ष तक के बच्चे ज्यादा प्रभावित होते हैं। यह एक गंभीर बीमारी है। जो समय पर इलाज से ठीक हो सकता है। अत्यधिक गर्मी एवं नमी के मौसम में यह बीमारी फैलती है। उन्होंने कहा कि चमकी को धमकी के तहत तीन बातों को जरूर याद रखना चाहिए। खिलाओ, जगाओ और अस्पताल ले जाओ। बच्चे को रात में सोने से पहले खाना जरूर खिलाएं, सुबह उठते ही बच्चों को भी जगाए और देखें बच्चा कहीं बेहोश या उसे चमकी तो नहीं है। बेहोशी या चमकी को देखते ही तुरंत एंबुलेंस या नजदीकी गाड़ी से अस्पताल ले जाना चाहिए।

**पीएचसी स्तर पर की जा रही विशेष व्यवस्था :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश कुमार सिन्हा ने कहा कि चमकी बुखार से बचाव के लिए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी खास इंतजाम किए जाएंगे। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एईएस के मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाए जाएंगे। वहीं, इसके लिए सूचीबद्ध जरूरी दवाइयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। ऐसी व्यवस्था की जा रही कि किसी भी स्थिति में कोई चूक न हो। साथ ही दवा की भी कमी न हो। व्यवस्था की पड़ताल विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार की जाएगी। उन्होंने बताया कि एईएस के प्रति जागरूकता के लिए स्कूलों में भी अभियान चलाए जाएं। इसके लिए जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में शिविर लगाकार शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों को एईएस और जेई के प्रबंधन के संबंध में बताया जाए।

## सीसीटीवी फुटेज के जरिए गोलीबारी में शामिल लोगों की पहचान में जुटी पुलिस

# भोजपुर में दो भाइयों के बीच पूर्व के जमीन विवाद में सरेराह फायरिंग, मची सनसनी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना निवासी दो भाइयों के बीच पूर्व से चल रहे जमीन विवाद शुक्रवार की दोपहर अचानक हिंसक हो उठा। उस दौरान एक भाई की ओर से दूसरे के मार्केट के सामने गोलीबारी कर दी गयी। करीब चार से पांच राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। उसमें एक गोली मार्केट की एक दुकान के शटर में लगी है। हालांकि गोलीबारी में कोई जख्मी नहीं हुआ है, लेकिन भागने के चक्कर में एक-दो लोग चोटिल हो गए हैं। फायरिंग करने का आरोप दक्षिण एकौना निवासी चंद्रदेव सिंह के परिजनों पर लगा है। उनका अपने भाई ददन सिंह से विवाद चल रहा है। फायरिंग करने वालों की संख्या आधा दर्जन बतायी जा रही है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है।

इधर, आरा-सासाराम स्टेट हाईवे के ठीक सटे स्थित मार्केट के सामने दिनदहाड़े फायरिंग से अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलने पर ट्रेनी डीएसपी सह उदवंतनगर थानाध्यक्ष काजल जायसवाल पुलिस बल के



- गोलीबारी में कोई हताहत नहीं, भगदड़ में दुकानदार चोटिल
- घटना की छानबीन में जुटी पुलिस, चार खोखे भी बरामद

साथ घटनास्थल पर पहुंच गयी। तबतक फायरिंग करने वाले लोग भाग चुके थे। छानबीन के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद किया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि एकौना निवासी ददन सिंह और उनके भाई चंद्रदेव सिंह के बीच पूर्व से जमीन का विवाद चल रहा है। उसी को लेकर चंद्रदेव सिंह के लड़कों द्वारा ददन सिंह के लड़कों से झगड़े के बाद फायरिंग कर दी गयी। पांच राउंड फायरिंग करने की बात सामने आयी है। इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान की जा रही है।

**दुकान खोलने पर जान मारने की दी गयी धमकी :** दक्षिण एकौना निवासी ददन सिंह के पुत्र विकास सिंह ने बताया कि चाचा चंद्रदेव सिंह से जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह वह विंध्याचल से लौटा था और अपने घर पर था। तभी दोपहर करीब 12 बजे उसके चाचा चंद्रदेव सिंह अपने चार साथियों के साथ उसकी जमीन में पिलर गाड़ कर उसके घर सह मार्केट के पास धमके गये। उस दौरान गाली-गलौज की जाने लगी। उस दौरान उसके चाचा की ओर से उस जमीन पर नहीं जाने और दुकान नहीं खोलने ओर धमकी दी जा रही थी। कहा जा रहा था कि कोई भी उस जमीन पर गया और कल से दुकान खुला, तो जान से मरवा दिया जाएगा। उसे लेकर उनके बीच कहासुनी होने लगी। उसके बाद उसके चाचा चंद्रदेव सिंह और उसके साथियों द्वारा ताबड़तोड़ चार से पांच राउंड फायरिंग कर दी गयी। विरोध करने पर फायरिंग की जाने लगी। उसे और उसके घर के लोगों को टारगेट कर फायरिंग की जा रही थी। वह किसी तरह भाग कर घर के अंदर चला गया और मेन गेट बंद कर दिया। तब उसकी जान बचा सकी।



### दिनदहाड़े फायरिंग से अफरातफरी

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर शहर से सटे दक्षिण एकौना में दिनदहाड़े फायरिंग से अफरातफरी मच गयी। भरी दोपहर अचानक गोलियां की तड़तड़ाहट से इलाके के लोग दहशत में आ गये। दक्षिण एकौना से जीरो माइल तक में सनसनी मच गयी। दक्षिण एकौना स्थित मार्केट की दुकानों के शटर गिरने लगे। बगल में स्थित केंद्रीय विद्यालय और पावर ग्रिड के लोग भी सकते में आ गये। आसपास के लोगों और राहगीरों में भगदड़ मच गयी।

## एक नजर

### बदलाव के सूत्रधार सकारात्मक पहलकर्ताओं को किया गया सम्मानित



**पटना।** सहयोगी संस्था ने इफ्तिदा नेटवर्क के बैनर तले शुक्रवार को दानापुर के हथियाकांध पंचायत भवन में 6 सकारात्मक पहलकर्ताओं को सम्मानित किया। जिसमें लक्ष्मी देवी(सास), अफजल आलम (पति), राजू दास (विकलांग पति), जशोदा देवी (मां), पूनम देवी (एकल महिला), एवं पप्पू साह (पति) शामिल थे। महिला सशक्तिकरण की चुनौतियों में शामिल लिंग आधारित भेदभाव एवं घरेलू हिंसा पर लोगों को जागरूक करने एवं इसमें अपनी भूमिका अदा करने के लिए सम्मान दिया गया। सामाजिक बदलाव की बुनियाद व्यक्तिगत पहल से ही मजबूत होती है। विशेषकर जब बात महिला सशक्तिकरण से जुड़ी हो। इस दिशा में सहयोगी संस्था का प्रयास सराहनीय है। समुदाय से सकारात्मक पहलकताओं की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना महिला सशक्तिकरण की चुनौतियों को खत्म करने में काफी सहयोगी साबित होगा। सहयोगी की निदेशिका रजनी जी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए व्यक्तिगत विचारधारा में बदलाव जरुरी है। इसके लिए समुदाय से लोगों को आगे आना होगा। समुदाय के लोग जब लिंग आधारित भेदभाव एवं घरेलू हिंसा के कारणों से अधिक अवगत होते हैं। इसके लिए सहयोगी संस्था ने सकारात्मक पहलकर्ताओं को चिन्हित करने से उनका क्षमतावर्धन भी ध्यान देती है। बदलाव एक कड़ी की तरह होती है जो एक व्यक्ति से शुरू होकर पूरे समुदाय को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति में सकारात्मक पहलकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होने के साथ प्रभावी भी साबित हुयी है।

### मैट्रिक परीक्षा में बिहार में छठा स्थान लाकर वेदा ने जिले का नाम किया रोशन

**जहानाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज शुक्रवार को मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। और बिहार में टॉप 10 छात्रों की सूची भी जारी किया है। जारी इस सूची में जहानाबाद के हुलासगंज बाजार के एक छात्र वेदा ने परीक्षा में 480 अंक लाकर बिहार में 6 स्थान लाकर जिले का नाम रोशन किया है बताया जाता है कि वेदा कुमार उच्च विद्यालय हुलासगंज का छात्र है।इस छात्र के पिता एक किराना दुकान चलाते हैं । वेदा एक भाई एक बहन है अपने घर में वेदा सबसे बड़ा है उसके घर में माता पिता दादा दादी और अपनी बहन के साथ रहता है। उसकी सफलता को लेकर उसके पिता बताते हैं कि बचपन से ही उनका पुत्र वेदा काफी मेधावी छात्र रहा है और उसे पढ़ने में भी काफी रूचि है और इसी की बदौलत आज बिहार में छठा स्थान लाकर जिले का नाम रोशन किया है जो हम लोगों के लिए काफी गर्व का विषय है। वहीं छात्र वेदा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता दादा-दादी एवं शिक्षकों को दिया। जिनकी बदौलत पढ़ने का लग्न पैदा हुई और इस मुकाम तक वो पहुंचा। उसने कहा कि आगे चलकर उसे इंजीनियर की पढ़ाई करनी है और सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। जैसे ही वेदा के सफलता की खबर घर और गांव में लगी, उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। पूरे परिवार में खुशी का माहौल हो गया।



### डीएम ने की अपीलीय वादों की सुनवाई

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 16 मामलें जिलाधिकारी के समक्ष आएं। जिसमें 02 मामले में आदेश पारित किया गया, 01 मामला अंचल अधिकारी, रतनी फरीदपुर का रैयतीकरण से संबंधित तथा कार्यपालक अभियंता, विद्युत का 01 मामला विद्युत पोल स्थानांतरण से संबंधित है। जबकि शेष 14 मामलों में अंचल अधिकारी, जहानाबाद सदर अंचल का 03 मामला था। जिसमें 01 अतिक्रमण हटाने, 01 पईन का अतिक्रमण हटाने एवं 01 मालगुजारी रसीद काटने से संबंधित, अंचल अधिकारी, घोषी का 01 मामला भूमि विवाद से संबंधित, कार्यपालक अभियंता, विद्युत का 03 मामला जिसमें 01 ट्रासफर्मर स्थान परिवर्तन एवं 02 मामला विद्युत विपत्र में सुधार से संबंधित, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोदनगंज का 01 मामला रैयती भूमि पर पोखरा खुदाई से संबंधित, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, मोदनगंज का 01 मामला योजना चयन में अनियमितता से संबंधित, अंचल अधिकारी, रतनी फरीदपुर का 01 मामला अतिक्रमण से संबंधित, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद का 01 मामला सिंचाई अवरूद्ध होने से संबंधित, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, ओकरी का 01 मामला पारितोषिक राशि के भुगतान से संबंधित तथा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद का 01 मामला अतिक्रमण से संबंधित है। जिलाधिकारी ने सभी मामलों पर गहन समीक्षोपरांत संबंधित लोक प्राधिकार को स्थल पर जाकर भौतिक निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह के अंदर तथ्यात्मक रूप से जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया तथा अगली निर्धारित तिथि को विस्तृत जाँच प्रतिवेदन के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होने का निदेश दिया।



## ड्यूटी से लौट रहे प्राइवेट गार्ड को बदमाशों ने मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पास शुक्रवार की शाम साइकिल सवार एक प्राइवेट गार्ड को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने सीने में लगी है, जो बाये गर्दन के पास आर-पार हो गयी है। उसकी हालत काफी गंभीर बनी है, जिसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी गार्ड उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जयनगर गांव के शिवजी सिंह का 38 वर्षीय पुत्र विजय कुमार सिंह उर्फ विनय यादव है। वह आरा के वीर कुंवर विश्वविद्यालय में प्राइवेट गार्ड के रूप में काम करता है। घटना का कारण फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

वैसे पूर्व के विवाद में गोली मारे जाने की बात कही जा रही है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी है। इधर, गार्ड के बेटे राजवीर सिंह ने बताया कि पूर्व में पड़ोसी से ही नाली का पानी बहाने को लेकर झगड़ा हुआ था। उसे लेकर विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार की शाम उसके पिता विश्वविद्यालय से अपनी ड्यूटी खत्म कर साइकिल से वापस



गांव लौट रहे थे। उसी दौरान देवरिया मोड़ के पास हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना के कारणों की छानबीन और गोली मारने वालों की पहचान की जा रही है। गिरफ्तारी का भी प्रयास किया जा रहा है। इधर, गार्ड का इलाज कर रहे सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि गोली से जख्मी एक युवक आया है। उसके दाहिने साइड छाती में गोली लगी थी, जो बायें साइड गर्दन से आर-पार हो गई थी। गोली लगने के कारण उसका लंस डैमेज हो गया था और खून भी काफी बह गया है।

## साढू के घर आये रिटायर कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव स्थित मनभावन होटल के समीप गुरुवार की शाम सड़क हादसे में टेल्को कंपनी के एक रिटायर कर्मचारी की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के लई गांव निवासी स्व.राम रतन वर्मा के 55 वर्षीय पुत्र कृष्णा प्रसाद वर्मा थे। वह टाटा टेल्को कंपनी से कुछ दिन पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए थे।

बताया जा रहा है कि वह बुधवार को अपने साढू के घर कुल्हड़िया गांव आए थे। गुरुवार को वह



रामनवमी जुलूस देखने निकले थे। उसके बाद वह कुलड़िया से उनके पुराने घर जा रहे थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दिया। उसके बाद कोईलवर थाना पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां उनकी मौत हो गयी। इधर, उनके साढू लक्ष्मण सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम करीब तीन बजे उनके घर आये थे। गुरुवार को शाम में घर से कुल्हाड़िया जाने के लिए निकले थे। बाद में सदर स्पताल से किसी द्वारा फोन कर हादसे की सूचना दी गयी। उस पर वह आरा सदर अस्पताल पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनके साढू कृष्णा प्रसाद वर्मा की मौत हो चुकी है। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि रिटायर टेल्को कर्मी दो भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में तीन पुत्र शिव शंकर वर्मा,राजू वर्मा और ओम शंकर वर्मा है। उनकी पत्नी की इसी वर्ष के जनवरी और बेटे शिव शंकर की कुछ वर्ष पूर्व में बीमारी के कारण मौत हो गई थी। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिलाधिकारी ने की अपील, गांव-गांव तक मोटे अनाज के सेवन के प्रति चलाएं जागरुकता अभियान

# समाज में अलख जगाकर महिलाओं के प्रति सम्मान एवं समानता करें स्थापित

- खान पान में मोटे अनाज को शामिल करने पर दें जोर

**केटी न्यूज/पटना**

समाज में महिलाओं को उचित सम्मान और समानता मिले। इसके लिए हम सभी को मिलजुलकर समाज में एक नया अलख जगाने की जरूरत है। महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं के प्रति होने वाले हर प्रकार के शोषण और भेदभाव समाप्त करने की जरूरत है। तभी महिलाओं के लिए ऐसा वातावरण तैयार होगा। जिसमें वह खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी। इसके लिए हम सभी को मिलकर सकारात्मक के रूप से काम करना होगा।?उक्त बातें शुक्रवार को समाहरणालय परिसर स्थित हिन्दी





भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में डीम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कही। वहीं डीएम ने आईसीडीएस पटना के द्वारा चलाया जा रहा श्री अन्ना पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान सबसे प्रमुख है कि हम अधिक से अधिक लोगों और उनके परिवारों को पोषण को बढ़ाने वाली बातों, विशेषकर दो वर्ष तक के बच्चों के लिए बताएं,? ताकि वह खुद ही जागरूक बनें। उन्होंने बताया कि हमारे देश में परंपरागत रूप से उगाये जा रहे मोटे अनाजों को खाने के लिए प्रेरित करना आज की सबसे महत्वपूर्ण मांग है। इनमें प्रोटीन, विटामिन, खनिज एवं फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं। जो समाज को कुपोषण मुक्त बनाने के साथ मधुमेह, रक्तचाप एवं मोटापे जैसे रोगों से भी बचाएगा।

**वर्ष 1955 -1965 के बीच भारत में उगाए जाते थे मोटे अनाज :** इस दौरान डीडीसी तनय सुल्तानिया ने कहा कि मोटे अनाज के उपयोग के लिए सभी लोगों को जागरूक होना होगा। तभी यह अभियान सफल हो पाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में वर्ष 1955 से लेकर 1965 तक मोटे अनाज की उपज होती थी। लेकिन अन्न की उपलब्धता की कमी होने के कारण खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति की शुरूआत की गई। जिसमें चावल, गेहूं के उत्पादन पर जोर दिया गया। सबसे पहले हम सभी को अपने-अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने की जरूरत है। साथ ही पोषण पखवाड़ा के दौरान गांव-गांव तक मोटे अनाज के सेवन के प्रति लोगों को जागरूक करने की सभी से अपील की। खासकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को बढ़-चढ़कर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटे अनाज की महत्ता को समझते हुए देश के अंदर तथा विश्व के की देशों में इसके उपयोग एवं उत्पादकता पर बल दिया है। जिसका नतीजा है कि विश्व के 70 से अधिक देशों ने मोटे अनाज के उत्पादन पर जोर दिया है।

**मिलेट के फायदा के लिए चलाया जा रहा है जन जागरुकता कार्यक्रम :** आईसीडीएस पटना के डीपीओ आभा प्रसाद ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन और स्कूलों में सुपोषण के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा मिलेट को आहार में शामिल करने के लिए प्रदर्शनी और जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से तिरंगा थाली के प्रदर्शन से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा मोटे अनाज के सेवन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता और जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

केशव टाइम्स
बक्सर, 01 अप्रैल 2023




## खबरें फटाफट

### पुलिस ने भारी मात्रा में पकड़ा शराब

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शहर के छठिया पोखरा मोहल्ले में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद करने में सफलता पायी है। हालांकि पुलिस को देखते ही धंधेबाज चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुलिस के अनुसार धंधेबाज की पहचान छठिया पोखरा मोहल्ले का रहने वाला बीरबल चौधरी बताया जाता है। पुलिस आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी करने में जुटी है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की बड़ी खेप मंगाकर उसे खपाने के फिराक में जुटा था। सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी की, जहां से 203 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। शराब को जब्त कर पुलिस की टीम आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी है।

### दुर्घटना में जख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी अंतर्गत गिरिधर बरांव उतरी डेरा के एक महिला की मौत इलाज के दौरान हो गई है। वह तीन दिन पूर्व बक्सर के धोबीघाट मार्ग पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। मृतिका हरेन्द्र यादव की 35 वर्षीय पत्नी ज्ञान्ति देवी बताई जाती है। इसकी जानकारी मृतिका के पति ने दिया। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को वह अपने 4 माह पुत्र के इलाज के लिए पत्नी संग बक्सर आए हुए थे। तभी बक्सर के धोबीघाट मार्ग पर एक कार ने उनकी पत्नी को धक्का मार दिया था। इस दुर्घटना में ज्ञान्ति को गंभीर चोंटे आई थी। जख्मी हालत में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया था। जहा प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया था। दो दिन इलाज के बाद गुरुवार की देर शाम उसकी मौत हो गई। मृतिका के पति ने बताया कि अज्ञात वाहन एवं उसके चालक पर बक्सर नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया था।

# सामूहिक जनेऊ संस्कार संपन्न, वैदिक मंत्रोच्चार व मांगलिक गीतों से गूंजता रहा परिसर

- 108 वटुकों को सामूहिक रूप से दिया गया जनेऊ
- रुद्र सागर सेवा संस्थान के तत्वावधान में हुआ था आयोजन

**केटी न्यूज/ डुमरांव**





शुक्रवार को नगर का जंगली नाथ शिव मंदिर परिसर पूरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार व मांगलिक गीतों से गूंजता रहा। अवसर था रुद्रसागर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का। संस्थान द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने के लिए 'रूद्र सागर सामूहिक जनेऊ समिति' बनाई गई थी। जिसके तत्वावधान में यह आयोजन संपन्न हुआ।

आचार्य विमलेश ओझा के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कुल 108 वटुकों का जनेऊ संस्कार करवाया गया। इस दौरान श्रद्धालु महिलाओं द्वारा मांगलिक गीत गाए गए, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। यह पहला मौका था जब डुमरांव में इस तरह का आयोजन हुआ था। जिस कारण लोगों में गजब का उत्साह था। आयोजन समिति द्वारा इसकी तैयारी महीनों से की जा रही थी। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में समिति द्वारा आगत अतिथियों तथा जनेऊ संस्कार में शामिल लोगों के लिए अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

आचार्य विमलेश ओझा ने बताया कि जनेऊ संस्कार वैदिक परंपरा है तथा जीवन के 16 संस्कारों में शामिल है। उन्होंने कहा कि उपनयन संस्कार के बाद ही बटुक को द्विज माना जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे विधि विधान से जनेऊ दिलवाया गया है। वही रुद्रसागर सेवा संस्थान के सचिव रवि शंकर चौबे ने बताया कि संस्थान के इस प्रयास में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सहभागिता निभाई है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वैदिक विद्वानों की टोली तथा शामिल होने वाले लोगों को धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्य अतिथि विंध्याचल पाठक तथा विशिष्ट अतिथि गुजरात के पूर्व डीजीपी कमल कुमार ओझा मौजूद थे। दोनों ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सामूहिक जनेऊ संस्कार में आचार्य विमलेश ओझा के साथ ही ब्रह्मा चंद्रचूड़ ओझा, उपाचार्य राधेश्याम दुबे, पंडित जितेंद्र ओझा, बृजेश ओझा, संजीव मिश्र, सुनील तिवारी, राजेश दुबे, रजनी चौबे आदि शामिल थे। आयोजन समिति के संयोजक दीपक प्रकाश दुबे, राजेश सैनी, रवि भूषण चौबे, सुशील चौबे आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। इस दौरान पवनी मुखिया प्रतिनिधि रोहित ओझा, भाजपा नेता राहुल दुबे, रवि भूषण ओझा, अंबरीश पाठक, सोनू ओझा, विनीत दुबे, तेज नारायण ओझा, मुनमुन दुबे, विशाल चौबे, गुड्डु वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## केसठ के शिक्षक का बेटा प्रिंस बना बिहार का सातवां टॉपर, छात्रों ने लहराया परचम

# मैट्रिक का रिजल्ट जारी: टॉप टेन बच्चों में जिले के तीन छात्र और एक छात्रा शामिल

- चौसा का अजित कुमार 8वां तथा बक्सर की दिव्या व डुमरांव के राज ने संयुक्त रूप से 10वां स्थान ला बढ़ाया जिले का मान

**केटी न्यूज/बक्सर/केसठ**





बिहार बोर्ड ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार बिहार टॉपरों में बक्सर जिला का दबदबा रहा है। जिले के कुल तीन छात्र व एक छात्रा समेत चार परीक्षार्थियों ने राज्य के टॉप टेन में जगह बनाई है। संभवतः यह पहला मौका है जब जिले के चार परीक्षार्थी राज्य स्तरीय रैंकिंग के टॉप टेन में शामिल रहे है। मिली जानकारी के अनुसार केसठ प्रखंड के रघुनाथपुर उच्च विद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार ने इस परीक्षा में कुल 479 अंक लाकर पूरे राज्य में सातवां व जिले में पहला स्थाना पाया है। वही उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौसा का छात्र अजित कुमार 478 अंक लाकर राज्य में 8वां व जिले में दूसरा, जबकि संत मैरी हाई स्कूल नई बाजार बक्सर की दिव्या सिंह दिवाकर व डुमरांव के राज प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र राजा पांडेय ने 476 अंक ने संयुक्त रूप से पूरे राज्य में दसवां तथा जिले में तीसरा स्थान पाया है। इसके अलावे भी जिले के कई छात्रों ने बेहतर अंक ला अपने प्रतिभा का परिचय दिया है। इसी कड़ी में पुराना भोजपुर स्थित संतजोसफ गर्ल्स हाई स्कूल की प्रगति प्रिया 91 प्रतिशत अंक व अंजलि प्रभा ने 84 प्रतिशत अंक लाया है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने होम ट्यूटर संजय कुमार दूबे को दिया है। श्री दूबे के मार्गदर्शन में ही दोनों ने परीक्षा की तैयारी की थी।

**शिक्षक है प्रिंस के पिता :** राज्य में सातवां व जिले में पहला स्थान लाने वाले रघुनाथपुर उच्च विद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार के पिता राम अयोध्या सिंह मध्य विद्यालय सिद्धिपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वहीं उनकी माता गृहणी है। प्रिंस कुमार दो भाइयों में छोटा है। बड़े भाई स्नातक में पढ़ाई करते हैं वही दो बहनें हैं जिसमें से बड़ी बहन ने इसी साल दसवीं की वार्षिक परीक्षा दी। वहीं छोटी बहन अभी आठवीं वर्ग में पढ़ती है। प्रिंस कुमार ने बताया कि गांव के ही कैलाश प्रसाद शिक्षक के यहां ट्यूशन पढ़ता था। उसने अपना सफलता का श्रेय विद्यालय के साथ साथ माता पिता और कैलाश प्रसाद को दिया है। प्रिंस आईएएस अफसर बन कर देश की सेवा करना चाहता है। वहीं वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई विज्ञान संकाय से करना चाहता है।

**सेल्फ स्टडी से राजा ने पाया दसवां स्थान :** राज्य में दसवां व जिले में तीसरा स्थाने लाने वाले राज हाई स्कूल के परीक्षार्थी राजा ने सेल्फ स्टडी को अपनी सफलता का श्रेय दिया है। राजा को कुल 476 अंक प्राप्त हुए है। गणित में उसे सर्वाधिक 99 अंक, हिंदी में 93,संस्कृत में 98, विज्ञान में 92 तथा सोशल साइंस में 94 अंक मिले है। वह ब्रह्मपुर प्रखंड के धन छपरा गांव के निवासी तथा ट्रांसपोर्टर नवरत्न पांडेय का पुत्र है।

## एक नजर

### खीरी मैदान में आयोजित हुआ फुटबॉल मैच, गाजीपुर को हरा सोनपा बनी विजेता

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के खीरी खेल मैदान में जय माँ काली स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में बिहार के सोनपा बनाम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिसका उद्घाटन श्रीमन्नारायण त्रिगुण, विरेंद्र गुप्ता, लाल साहब सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संबोधित करते हुए कहा कि खेल हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। हर व्यक्ति को कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए। खेलने से व्यक्ति का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास होता है। खेल प्रारंभ होने से पूर्व खिलाड़ियों को खेल के सभी नियम बताए जाने के बाद रेफरी संतोष पांडेय के नेतृत्व में खेल का आरंभ किया गया। 90 मिनट के निर्धारित खेल के दौरान पहली पारी के समाप्त होने तक दोनों टीम के खिलाड़ियों ने अपने-अपने दांवपेच का भरपूर इस्तेमाल किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखा दर्शकों को रोमांचित कर दिया। निर्धारित समय तक मेजबान सोनपा की टीम 2-0 से आगे रही। खेल समाप्ति के बाद सोनपा की टीम को विजेता घोषित किया गया। विजेता टीम के खिलाड़ी को कप के साथ 31 हजार रुपये नगद एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद प्रदान किया गया। इस टूनामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी में शिब्बू को मैन ऑफ द टूनामेंट एवं जेम्स को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। टूनामेंट को सफल बनाने में धनजी तिवारी, आमोद त्रिगुण, मनोज कुमार सिंह, सत्येंद्र चौबे, कमलेश पासवान, विजय श्रीवास्तव, विश्वामित्र शर्मा, कॉमेंटेटर अशोक श्रीवास्तव, मकसूद आलम के अलावा अन्य लोग का सराहनीय योगदान रहा।



### अब पान की दुकानों पर नहीं बिकेगा कुरकुरे, चिप्स सहित कई अन्य सामान

**डुमरांव।** सरकार आम-अवाम के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर बनी है। नगर पर्षद क्षेत्र में पान बेचने वाले दुकानदार आने वाले दिनों में कई सामानों को नहीं बेच पायेंगे। वैसे दुकानों पर कुरकुरे, चिप्स, टॉफी, बिस्कुट, नमकीन आदि सामान बेचना प्रतिबंधित होगा। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने पत्रांक 16012 के माध्यम से नगर निगम को इस संदर्भ में निर्देश जारी करते हुए कड़ाई से पालन करने को कहा है। इसके पीछे की वजह बच्चे तथा अवयस्क युवाओं को तंबाकू तथा इससे निर्मित सामानों से दूर रखना है। शहर के अधिकांश पान दुकानों पर विभिन्न कंपनियों के पान-जर्दा मशाला सिगरेट, बीड़ी, खैनी आदि की लरी लगी रहती है। इन सामानों के बीच दुकानदार बच्चों के खाने वाले बिस्कुट, कुरकुरे, चिप्स आदि भी सजा कर रखते है। इन्हीं दुकानों से बच्चें अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी के लिए पहुंचते है। दुकानदार भी तंबाकू के हाथों सामानों को बच्चों के हाथ सौंपता है। ऐसी हालत में बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और इन तंबाकु उत्पादों पर बच्चों की नजर पड़ती है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अधिनियम 2015 के अनुसार अवैध तरीके से तंबाकू उत्पाद बिक्री पर सात वर्ष की कैद व एक लाख रुपये तक के जुर्माना का प्रावधान बनाया गया है।



### नवरात्र के अंतिम दिन जय माता दी के जयघोष से गूंजा कोपवां मां भगवती मंदिर

**डुमरांव।** गुरूवार की रात जय माता दी के जयघोष से कोपवां गांव के मां भगवती मंदिर गुंजयमान हो गया। चैत्र नवरात्रि को लेकर पूरे नवरात्र में पूजा पाठ का भव्य आयोजन किया गया था। जिसका पूर्णाहुति के साथ संपन्न हो गया। मां के मंदिर पूजा कराने वाले अचार्य वराणसी व कोलकाता से आए थे। जिन्होंने मां भगवती की पूजा पाठ को संपन्न कराया। इसी क्रम में नवरात्रि की रात भव्य पूजन के साथ भव्य विशेष आरती का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर फरियाद किए। मंदिर के चारों तरफ एक किलोमीटर तक मेले का स्वरूप बना रहा। बता दें कि कोपवा मां काली मंदिर का अपना एक अलग पहचान है। इस जगह प्रति माह अमावस्या तिथि को इस मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के उद्देश्य से बनारस के आचार्य सुशील शास्त्री के टीम द्वारा एवं मंदिर कमिटी द्वारा दृढ़ संकल्प लिया गया है। जो 108 अमावस्या तक पूरा करना है। राम नवमी के अवसर पर रात्रि में भव्य एवं विशेष आरती का आयोजन किया उसके बाद रात भर पूजन हवन,कार्यक्रम चला। जहां मंदिर परिसर सहित एक किलोमीटर के दायरे में वैदिक मंत्रों के उच्चारण से वातावरण गुंजायामन रहा इससे पहले मंदिर संरक्षक परिवार के द्वारा कोलकत्ता व वराणसी के शास्त्रियों द्वारा माता को वस्त्र दिया गया और उनका सिंहासन भी दिया गया जहां मंदिर कमिटी के अवधेश कुमार सिंह, रामेश्वर सिंह, अमिताभ कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, लालू के द्वारा कोलकाता एवं बनारस से आए आचार्यों सहित उपस्थित गणमान्य एवं क्षेत्रिय ब्राह्मणों को अंग वस्त्र एवं माता का चुनरी देकर सम्मानित किया गया। पूरे रात चले कार्यक्रम की अहले सुबह समापन शुक्रवार को सुबह हुआ। जहां हजारों लोगों की बीच खीर-पुड़ी का प्रसाद ग्रहण कराया गया।



## नावानगर की डॉ. शुचि स्नेहा बनी असिस्टेंट प्रोफेसर, गांव में छाई खुशी



**डुमरांव।** नावानगर की बेटी डा शुचि स्नेहा ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग के असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा पास की है। उनके इस सफलता पर न सिर्फ उनका परिवार बल्कि पूरा गांव गौरवान्वित हो गया है। रिजल्ट जारी होते ही जहा उनका परिवार झूम उठा वही आस पास के लोगों तथा नाते रिश्तेदारों द्वारा बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। उनका चयन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत महाराजा कॉलेज आरा में हिंदी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है।

गांव के बेटी की इस कामयाबी से गांव के लोग काफी गौरान्वित हैं। नावानगर गांव निवासी डॉ जितेंद्र नारायण पंडित की बेटी डॉ शुचि स्नेहा की इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्लस टू हाई स्कूल नावानगर से हुई है। वही जेडी वुमेंस कॉलेज, पटना से ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई की है। जिसके बाद उन्होंने मगध विश्वविद्यालय, गया से पीएचडी की डिग्री हासिल की। शुचि स्नेहा बताती है कि वे वर्ष 2019 तक जेडी वुमेंस कॉलेज, पटना तथा 2019 से अभी तक टीपीएस कॉलेज, पटना में गेस्ट टीचर के रूप में पढ़ा रही है। शुचि ने कहा कि उनका प्रयास हिंदी की लोकप्रियता को बढ़ाने में योगदान करना होगा। शुचि की सफलता ने गांव के युवाओं में प्रेरणा भर दी है।

## कड़ी सुरक्षा में एमएलसी चुनाव संपन्न, मतदाताओं में उत्साह

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गया स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक उप चुनाव का मतदान संपन्न हो गया। सुबह 8 बजे से शाम चार बजे तक हुए इस मतदान में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। स्नातक व शिक्षक निर्वाचकों ने इस चुनाव में दिलचस्पी दिखाई। हालांकि विभिन्न दलों द्वारा वोटरों को रिझाने के लिए स्टॉल लगाकर अपने-अपने पक्ष में मतदान के लिए वोटरों को प्रेरित कर रहे थे। वोटरो के घर तक वाहन से प्रत्याशी के समर्थक वोटर को घर से बुलवाया जा रहा था।

चुनाव आयोग के गाईड लाईन पालन करने प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ी। सुबह में बारिश और मौसम खराब होने के कारण 10 बजे तक स्नातक एमएलसी का 3.75 प्रतिशत और शिक्षक एमएलसी का 21 प्रतिशत हुआ। ग्रामीण क्षेत्र से मतदाता आना सुरु हो गये। तो 12 बजे तक स्नातक एमएलसी का 14.94 प्रतिशत और शिक्षक एमएलसी 45.27 हुआ। 2 बजे तक स्नातक एमएलसी का 28.08 प्रतिशत और शाम चार बजे तक शिक्षक एमएलसी 71.08 प्रतिशत रहा। विधान परिषद 02- गया शिक्षक एवं 02-गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक/उप निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं स्वच्छ संपन्न कराने हेतु विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा एमपी हाई स्कूल बक्सर, राज हाई स्कूल डुमरांव, डुमराव प्रखंड, नावानगर प्रखंड एवं इटाढ़ी प्रखंड के मतदान केंद्रों पर हो रहे मतदान का निरीक्षण किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान कार्य कराया जा रहा था। नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचनानुसार बिहार विधान परिषद 02- गया शिक्षक में 1576 (83.16) मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें पुरुष मतदाता 1280 (83.93), महिला मतदाता 274 (79.19) है। गया स्नातक में कुल 6331 (52.22) मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें पुरुष मतदाता 5387 (55.24), महिला मतदाता 944 (39.81) है।

## रामनवमी पर चिलहरी में आयोजित हुआ दो गोला चैता गायन मुकाबला, केन्द्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

# संस्कृति की पहचान है चैता, परंपरा को जीवंत रखना बहुत जरूरी: सांसद

- सूरों की सरिता में पूरी रात गोते लगाते रहे श्रोता

**केटी न्यूज/डुमरांव**





बारहमास गायन भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। चैता समाज में समरसता घोलने का काम करता है। यह ऋतु आधारित गीत किसानों व नौजवानों में उर्जा भरने का काम भी करती है। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने शुक्रवार की देर रात चिलहरी गांव में कही। अवसर था चिलहरी गांव के चैता समिति द्वारा आयोजित चैता गायन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का। इस कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता सह आयोजन समिति के अग्रणी कतवारू सिंह कर रहे थे। इसके पहले केन्द्रीय मंत्री के साथ ही भाजपा के औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह व कतवारू सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर दुगोला चैता गायन की शुरूआत की।

केन्द्रीय मंत्री ने इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए भाजपा नेता कतवारू सिंह व चिलहरी के ग्रामीणों की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। वही चैता गायन की शुरूआत चर्चित गायक सह जिला पार्षद कमलबास कुंवर द्वारा देवी वंदना गाकर किया गया। जबकि मुकाबले में उनके प्रतिद्वंदी व्यास अजित हलचल ने भी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव प्रसंग का गायन कर समां बांध दिया। इसके बाद दोनों व्यासों द्वारा बारी-बारी से एक से बढ़कर एक चैता का गायन कर पूरी रात सूरों की सरिता बहाई गई। जिसमें हजारों श्रोता गोते लगाते रहे। आलम यह था कि पूरी रात श्रोता अपने जगह से टस से मस नहीं हुए। मौके पर केन्द्रीय मंत्री व औरंगाबाद सांसद के अलावे आरएसएस के प्रांत कार्यवाह राजेंद्र जी, सुनील सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजवंश सिंह, जिला पार्षद बंटी शाही, हिमांशु चतुवेर्दी, हरेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, अखिलेश यादव, सोनू सिंह और परमा यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। इस आयोजन में मुखिया प्रतिनिधि राजू सिंह, विकास सिंह समेत गांव के दर्जनों लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेथोडिस्ट अस्पताल प्रतापसागर के अधीक्षक डॉ आरके सिंह ने व संचालन आयोजन समिति के अग्रणी कतवारू सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में कतवारू सिंह ने केन्द्रीय मंत्री व औरंगाबाद सांसद समेत तमाम आगत अतिथियों को धन्यवाद दिया।

**सौहार्द को बढ़ाता है चैता गायन:** वहीं अपने संबोधन में औरंगाबाद से भाजपा विधायक सुशील कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सौहार्द को बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारी संस्कृति में समरस समाज की कल्पना की गई थी। ऐसे आयोजन इस कल्पना को मूर्त रूप देते है। उन्होंने इस आयोजन तथा यहां बुलाने के लिए चिलहरी के ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

केशव टाइम्स
बक्सर, 01 अप्रैल 2023



# कोर्ट से बाहर आते ही बोले सांसद अफजाल अंसारी... छाप लीजिए दो-चार दिन

- 2005 में कृष्णानन्द राय की हुई थी हत्या, दो साल बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गैंगेस्टर कोर्ट में शुक्रवार को बीजेपी विधायक स्व. कृष्णानन्द राय हत्याकांड में गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और उनके भाई मुख्तार अंसारी पर अंतिम बहस शुरू हुई। एक अप्रैल को फिर बहस की तारीख कोर्ट द्वारा दी गई है और कल ही बहस पूरी होने की भी बता बताई जा रही है। कोर्ट से निकलने के बाद सांसद अफजाल अंसारी ने मीडियाकर्मियों से भोजपुरी अंदाज में कहा कि दो-चार दिन और छाप लीजिए, आपके लिए मसालेदार खबर है।

बता दें कि 2005 में बीजेपी विधायक कृष्णानन्द राय की मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बसनिया चट्टी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में कृष्णानन्द राय समेत सात लोगों की मौत हुई थी। जिसमें मुख्तार अंसारी और उनके भाई बसपा सांसद अफजाल अंसारी मुख्य आरोपी हैं।एडीजीसी क्रिमिनल नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि 2007 में कृष्णानन्द राय हत्याकांड मामले में मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी और एजाजुल हक के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें चार्जशीट लग गयी थी और आज से फाइनल बहस शुरू हुई है। इस गैंगचार्ट में एक अन्य मुकदमा रूंगटा अपहरण और हत्याकांड का भी है, पर वो अलग से है। कोर्ट में मुख्तार अंसारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तुत हुए।



जबकि अफजाल अंसारी फिजिकल तौर पर उपस्थित थे।इस दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता लियाकत अली ने कहा की इस मामले में अफजाल अंसारी और मुख्तार अंसारी दोनों सीबीआई कोर्ट से बरी हो चुके हैं। 2005 में कृष्णानन्द राय की हत्या हुई थी और दो साल बाद ये मुकदमा दर्ज हुआ था। 2007 में इंस्पेक्टर मुहम्मदाबाद के द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। पहले ये मुकदमा सिर्फ मुखतार अंसारी पर दर्ज कराया गया था। बाद में इसी मुकदमे में दो और लोगों का नाम बढ़ा दिया गया। अफजाल अंसारी पर न तो अलग से कोई एफआईआर दर्ज की गई, न तो अलग से गैंगचार्ट बनाया गया और सारी कार्रवाई एक ही दिन में पूरी कर ली गई।

## तीन ऐसे केस जिसमें अतीक अहमद एवं अहमद को हो सकती है सजा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को उमेश पाल अपहरण केस में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट ने उसके भाई अशरफ को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। अशरफ भले की उमेश पाल अपहरण केस में बरी हो गया हो पर 3 ऐसे केस हैं जिनमें अतीक की मुश्किलें तो और बढ़ेंगी ही साथ ही साथ अशरफ को भी सजा हो सकती है। बहुचर्चित मोहित जायसवाल अपहरण केस 29 दिसंबर 2018 को लखनऊ में हुआ। अतीक ने मोहित का अपहरण करवा लिया और उसे लेकर उसके गुर्गे देवरिया जेल पहुंचे। अतीक के बड़े बेटे उमर के साथ गुफरान, फारुख, गुलाम और इरफान भी इस अपहरण केस में शामिल था। देवरिया जेल में मोहित को राड से मार मारकर बेहोश कर दिया गया। इसके बाद मोहित जायसवाल से 45 करोड़ की प्रापर्टी के कागजातों पर दस्तखत करने को कहा गया। उसने जब ये कहा कि मैंने ये प्रॉपर्टी अपनी मेहनत से बनाई है आपको क्यों दे दूं तो उसे मौत का खौफ दिखाया गया। उसकी कनपटी में गन सजा दी गई।

## गाजीपुर में नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी शुरू

# आरक्षण की अधिसूचना जारी: गर्म हुई राजनीति

# सपा व कांग्रेस ने की बदलाव न होने की वकालत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत चुनाव को लेकर गुरुवार की देर शाम आरक्षण की अधिसूचना जारी होते ही जिले की राजनीति गर्म हो गई। सपा और कांग्रेस ने जहां कोई बदलाव न होने की बात कही, तो वहीं भाजपा ने जारी अधिसूचना को उचित और सही ठहराया। हालांकि अभी दावे-आपत्तियां मांगी गई है। वैसे जिन जगहों पर आरक्षण में बदलाव हुआ है, वहां ताल ठोंकने की तैयारी कर रहे लोगों को निराशा हाथ लगी है। जबकि जारी नई सूची के अनुसार मन मुताबिक आरक्षण होने पर संभावित दावेदारों ने सक्रियता बढ़ा दी है।




- गाजीपुर, जमानिया और मुहम्मदाबाद में वोटरों की संख्या डेढ़ लाख के करीब

जिले में तीन नगर पालिका परिषद गाजीपुर, जमानिया और मुहम्मदाबाद है। अगर इन तीनों नगर पालिका परिषद में वोटरों की संख्या देखी जाए, तो करीब डेढ़ लाख के आस-पास है। अगर नए जारी आरक्षण को देखा जाए तो नगर पालिका परिषद गाजीपुर की सीट पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि जमानिया और मुहम्मदाबाद की सीट महिला के लिए आरक्षित थी, लेकिन नई सूची में जमानिया अनारक्षित और मुहम्मदाबाद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हो गई है। ऐसे में जहां मुहम्मदाबाद नगर पालिका परिषद चुनाव में ताल ठोंकने की तैयारी में जुटे संभावित उम्मीदवारों को मायूसी हाथ लगी है।

वहीं पिछड़ा वर्ग होते ही संभावित उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने का मन बनाना शुरू कर दिया है। इसी तरह जमानिया में अनारक्षित होते ही लोगों ने अभी से मन ही मन चुनाव में ताल ठोंकने को लेकर आपसी चर्चा शुरू कर दी है। इसी तरह अगर नगर पंचायत की बात की जाए तो जंगीपुर पूर्व में अनारक्षित था तो इस बार पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुआ है। जबकि सैदपुर पूर्व में अनुसूचित जाति के लिए था। अब अनुसूचित जाति महिला के लिए हुआ है। बहादुरगंज में पूर्व में अनारक्षित था, जबकि वर्तमान समय में पिछड़ा वर्ग होने से ताल ठोंकने की तैयारी में जुटे संभावित उम्मीदवारों को धक्का लगा है। दिलदारनगर और सादात नगर पंचायत अनारक्षित ही है। आरक्षण की अधिसूचना जारी होते ही राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है।

**आठ नगरीय निकायों में तीन नपा व पांच नपं के अध्यक्ष पद की सूची जारी:** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर विकास विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई। जिले के आठ नगरीय निकायों तीन नगर पालिका परिषद एवं पांच नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की अधिसूचना जारी कर जन सामान्य से आपत्तियां मांगी गई है। आपत्तियां छह अप्रैल की शाम छह बजे तक दी जा सकती है। इसके बाद आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उधर नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन पहली अप्रैल को किया जाएगा। अप्रैल माह के दूसरे पखवारे में चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**नपा अध्यक्ष पद के लिए उहापोह की स्थिति समाप्त :** नगर पालिका परिषद गाजीपुर के अध्यक्ष पद का आरक्षण जारी होने से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वालों में उहापोह की स्थिति समाप्त हो गई है। पिछले दिनों जारी आरक्षण की सूची में भी अध्यक्ष का पद अनारक्षित था। एक बार फिर परिषद के अध्यक्ष का पद अनारक्षित किया गया है। इससे सीट का आरक्षण बदलने का कयास लगा रहे लोगों को निराशा हुई है। उधर अधिसूचना के बाद सीट अनारक्षित होने से इस पद के लिए दावेदारी करने वाले सभी संभावित प्रत्यशियों के चेहरे खिल गए हैं। उनकी सक्रियता एक बार फिर से बढ़ गई है। प्रमुख दलों से किस्मत आजमाने के लिए उनकी तरफ से टिकट के लिए दौड़भाग शुरू कर दी गई है। 25 वार्डों वाले इस पालिका परिषद में लगभग 92 हजार मतदाता हैं।

### मुहम्मदाबाद : अध्यक्ष का पद पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद के अध्यक्ष का पद पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित हो जाने से सामान्य वर्ग के अध्यक्ष पद के दावेदारों में मायूसी छा गई है। पिछले दिनों जारी आरक्षण की सूची में मुहम्मदाबाद महिला के लिए आरक्षित था। इसलिए सभी वर्ग के लोग अपनी पत्नी के नाम पर चुनाव प्रचार में जुट गए थे, लेकिन अब अध्यक्ष पद का आरक्षण घोषित हो जाने के बाद उहापोह की स्थिति समाप्त हो गई है। मुहम्मदाबाद के 25 वार्डों में करीब 31800 से ज्यादा मतदाता हैं।

### सैदपुर : बदलाव के बाद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित

**गाजीपुर।** नगर पंचायत सैदपुर का आरक्षण बदल गया है। इस बार इस नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित कर दी गई है। जबकि पिछली बार यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित थी। आरक्षण में बदलाव के चलते चुनाव की तैयारी में लगे पुरुष वर्ग के कई उम्मीदवार निराश हो गए हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों से बड़ी संख्या में दिग्गज अध्यक्ष पद की दावेदारी में लगे थे। अब आरक्षण बदल जाने से उक्त लोग टिकट के लिए निराश हैं। इस पंचायत क्षेत्र में लगभग 20 हजार मतदाता और 15 वार्ड हैं।

## पति ग्राम प्रधान और पत्नी गांव की सफाई कर्मी, की शिकायत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिस गांव में पति ग्राम प्रधान हो उसी गांव में उसकी पत्नी सफाई कर्मचारी पद पर तैनात हैं। यह पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। मालूम हो कि मरदह विकासखंड के महमूदपुर गांव में तैनात सफाई कर्मचारी के उपर गंभीर आरोप लगा है। उधर दूसरी ओर संदेह के घेरे में प्रभारी एडीओ पंचायत व खंड विकास अधिकारी भी हैं। इनके सह पर ऐसा कृत्य हो रहा है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र सौंप किया कारवाई की मांग।

मालूम हो कि महमूदपुर गांव के हरिनारायण यादव ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव तथा इनकी पत्नी माधुरी देवी अपनी ही ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं, जो कभी भी गांव में साफ सफाई का कार्य नहीं करती है। सफाई कर्मी माधुरी देवी का पति ही ग्राम प्रधान है, जो हमेशा इनकी हाजिरी रजिस्टर में दिखाई जाती है तथा बायोमेट्रिक मशीन का भी प्रयोग नहीं किया जाता है तथा इनके वेतन के लिए पत्र प्रमाणित खुद प्रधान पति ही करता रहता है, जो पूर्णतया नियम विरुद्ध है। इनके संबंधित कर्मचारी प्रभारी एडीओ पंचायत नवीन कुमार सिंह की मिलीभगत से ऐसा कृत्य महीनों से हो रहा हैं। जिस मामले की जांच कर संवैधानिक कारवाई करें। अन्यथा कि स्थिति में हम आगे के उच्चधिकारियों का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्या ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है, जांच कराकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक गोरख पासवान को कोर्ट से नहीं मिली राहत, सुनाई गई तीन माह सजा

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद की बेल्थरारोड सीट से पूर्व विधायक गोरख पासवान को 11 साल पुराने एक केस में राहत नहीं मिली है। वाराणसी में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अवनीश गौतम की अदालत ने गोरख पासवान द्वारा अनधिकृत तौर पर ट्रेन रोकने में तीन माह की सजा के खिलाफ दाखिल अपील खारिज कर दी है। अदालत ने एसीजेएम षष्टम के 8 अगस्त 2022 के निर्णय को पुष्ट करते हुए अभियुक्त को संबंधित अदालत ने सात अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। अभियोजन का पक्ष एडीजीसी विनय सिंह ने रखा। अपीलीय अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिया जिसमें कहा गया हो कि उसने जनता को नहीं भड़काया।

अभियुक्त घटनास्थल पर मौजूद था और नेतृत्व कर रहा था। ऐसे में स्वीकृत तथ्य को साबित करना जरूरी नहीं है। अवर न्यायालय के आदेश में कोई



त्रुटि नहीं है। एसीजेएमध्एमपी एमएलए कोर्ट ने बीते साल अगस्त माह में पूर्व विधायक गोरख पासवान को इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन रोकने के मामले में दोषी पाया था। तीन महीने की सजा के साथ ही साढ़े चार हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई।

**आरपीएफ ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट :** आरपीएफ मऊ के एसआई डीके शर्मा ने चार अप्रैल 2012 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि सपा विधायक गोरख पासवान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वाराणसी.गोरखपुर रेल प्रखंड पर बनकरा गांव के पास रेल फाटक बनाने की मांग को लेकर इंटरसिटी एक्सप्रेस को 18 मिनट तक रोक कर रखा था। इस मामले में अवर न्यायालय ने रेलवे अधिनियम की कई धाराओं में दोषी गोरख पासवान को तीन माह की अधिकतम सजा और साढ़े चार हजार का जुमार्ना 8 अगस्त 2022 को लगाया था। अभियुक्त ने इसी के खिलाफ दाखिल अपील में कहा था कि साक्ष्य पर आधारित सजा नहीं सुनाई गई बल्कि भावनात्मक आधार पर सजा सुनाई गई । घटनास्थल पर पहले से भीड़ थी। इसकी जानकारी होने पर डमार्पुर फेफना निवासी तत्कालीन विधायक अभियुक्त मौके पर पहुंचा। भीड़ को समझा.बुझाकर हटाने का प्रयास भी किया। अपीलीय अदालत ने कहा कि आरोप के विरुद्ध कथित भूमिका को साबित करने का भार अभियुक्त पर था जिसे वह साबित नहीं कर सका। ऐसे में अवर न्यायालय की सजा की पुष्टि की जाती है।

# नुकसान: 50 बीघा गेंहूं की खड़ी फसल जलकर राख, ग्रामीणों में आक्रोश

- घटना के डेढ़ घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के लीलकर गांव की है। जहां शुक्रवार की दोपहर में एचटी तार पर पक्षियों के बैठने के कारण। तारों के आपस में टकरा कर चिंगारी निकलने से गेंहू के खेत में आग जाने से लगभग 50 बीघा में फैली 3 दर्जन से अधिक लोगों की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर लगभग डेढ़ घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट पहुंचने



पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। मौके पर जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई थी। वहीं अपने खेत की खड़ी फसल जलता देख लिलकर गांव निवासी 65 वर्षीय लालमोहर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें तत्काल प्रभारी निरीक्षक सिकंदरपुर दिनेश पाठक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान सूचना पर लेखपाल विनय कुमार तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी जली हुए फसलों का जायजा लिया।

फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट पहुंचने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। फायर ब्रिगेड पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि क्षेत्र में फायर ब्रिगेड मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर सोनाडीह से भी भागते हुए आ रहे हैं, जिस कारण से देर हुई है। इस दौरान सूचना पर लेखपाल विनय कुमार तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी जली हुए फसलों का जायजा लिया, जिसमें हरिमोहन, राजेश, बुचिया देवी पत्नी प्रभुनाथ वर्मा, शिव पुत्र मुन्ना वर्मा, हरिचरण पुत्र चंदेश्वर राय, पृथ्वी चौहान, शेषनाथ गोड़, हीरामन पुत्र रामधारी, रविंद्र शर्मा पुत्र उमाशंकर, रामाश्रय पुत्र मुन्ना, राजकुमार वर्मा पुत्र चंद्र मोहन वर्मा, बल्ली गोंड़ पुत्र सहदेव, कालीचरण पुत्र रूप राम लाल जी, देवेंद्र वर्मा, राजकुमार, शेषनाथ, रणजीत, कृष्णा राय, विजय वर्मा, निजामुद्दीन, श्यामदेव, नजीबुल्लाह अंसारी, दीपचंद, श्री कृष्ण प्रसाद, शिवाश्रय वर्मा, आंनद वर्मा, अंजनी कुमार, रामबालक मिश्रा, बीरबल, काशीनाथ, शिवचंद, मदन, सतेंद्र यादव, राजकुमार यादव, कृष्णा यादव, सत्येंद्र यादव पुत्र जगदीश यादव, सन्तोष यादव, अंजनी चौहान पुत्र बाल किशन चौहान, गौरव यादव पुत्र राजकुमार यादव, पृथ्वी चौहान, आदि तोन दर्जन से अधिक लोगों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई है। इनमें से अधिकतर बटाईदार थे। वहीं हल्का लेखपाल ने सारा जायजा लेने के बाद शासन से सहयोग दिलाने की बात कही।

## एक नजर

### मौसम की करवट से किसानों की बढ़ी चिंता



**बलिया।** जनपद में मौसम ने एकबार पुनः करवट बदला है। गुरुवार को खिलखिलाती धूप के बाद रात को ही मौसम ने अचानक करवट बदल लिया। शुक्रवार की सुबह आकाश पर बादलों का पहेरा रहा। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम के बदले मिजाज की वजह से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर है। किसानों को अपनी तैयार हो चुकी फसलों की चिंता खाए जा रही है। किसानों को चिंता है कि अगर तेज हवा के साथ बारिश हुई तो मेहनत से तैयार की गयी फसल बर्बाद हो जायेगी। कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश और हवाओं ने फसलों की जो बबार्दी की है। अगर पुनः हवाओं के साथ बरसात हुई तो पूरी फसलें तबाह हो जायेंगी। गुरुवार के दिन जिले का तापमान अधिकतम तापमान 35 तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री था। वहीं शुक्रवार को बादलों से ढ़के आसमान के बीच जिले का अधिकतम तापमान 30 तो न्यूनतम तापमान 19 डिग्री हो गया। हालांकि हवा की रफ्तार मंद है। अधिकतर क्षेत्रों में रुक.रुककर बूंदाबांदी हो रही है।

### बदलता मौसम नन्हें मुन्नों को कर रहा बीमार

**बलिया।** आजकल मौसम में अचानक हो रहा बदलाव स्वास्थ्य के लिए किसी भी तरह से अनुकूल नहीं है। दिन में चिलचिलाती धूप की गर्मी,सुबह शाम को पड़ने वाली हल्की ठंड और बीच में कभी-कभी हो रही बरसात के कारण बच्चों को बुखार, सर्दी, खांसी, उल्टी और दस्त जैसी बीमारियां अक्सर परेशान कर रही हैं। इसलिए इस समय बच्चों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। यह बातें



जिला महिला अस्पताल स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धार्थ मणि दुबे ने कहीं। डॉ दुबे ने बताया कि ऐसे मौसम में बच्चों और वृद्धजनों का स्वास्थ्य ज्यादा प्रभावित होता है क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। डॉ. दुबे ने बताया कि आजकल बच्चों में तेज बुखार,खांसी, उल्टी, दस्त आदि की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। इसलिए वर्तमान में मौसम के बदलाव को देखते हुए बच्चों के खान-पान एवं उनकी दैनिक दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों के भोजन में स्वच्छता और पौष्टिकता दोनों का ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को स्वस्थ और संतुलित भोजन यानी काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और खनिज युक्त आहार ही देना अभिभावकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। अभिभावकों को घर पर बने भोजन को वरीयता देनी चाहिए तथा बाहर के खानपान से परहेज करना चाहिए। गर्मी बढ़ने के कारण बच्चों को समय-समय पर तरल पेय पदार्थ (पानी, चावल का माढ़, ओआरएस का घोल) देना सुनिश्चित करना होगा एवं बच्चों को तेज धूप में बाहर जाने से रोकना चाहिए। अगर बच्चे को स्वास्थ संबंधित कोई भी परेशानी हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के परामर्श से ही इलाज कराना चाहिए।

### धीरेन्द्र शुक्ला प्रादेशिक ओलम्पिक एसोसियेशन के सदस्य मनोनीत

**बलिया।** जिला ओलम्पिक एसोसियेशन के सचिव धीरेन्द्र कुमार शुक्ला को उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसियेशन के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आगामी चार वर्षो के लिए मनोनयन हुआ। जिसे लेकर जनपद के खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में हर्ष व्याप्त है। साथ ही धीरेन्द्र शुक्ला के मनोनयन पर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष इ. अरूण कुमार सिंह, अजेन्द्र राय-वैडमिन्टन खेल के अन्तर्राष्ट्रिय रेफरी, असलम वारसी सचिव उप्र मिनी फुटबाल



संघ, जिला एथरिट संघ के सचिव मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला बालीबाल एसोसियेशन के सचिव डॉ. अरविन्द शुक्ला, पंकज कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, वीरेश कुमार दूबे, डॉ. संजय तिवारी, जमाल अख्तर (चिक्कू), खुर्शीद अहमद राजेश गुप्ता, भारती सिंह, सपना चौधरी, राजू राय, धनन्जय सिंह, असीमानन्द सिंह, शैलेन्द्र सिंह गुड्डू, धर्मेन्द्र पाण्डेय धीरज एवं सुशील उपाध्याय आदि ने श्री शुक्ल को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी है।

### मोटे अनाजों के व्यंजन में स्वाद के साथ पोषण भी बेशुमार: भानुप्रताप सिंह

**मऊ।** मोटे अनाजों के व्यंजन मैं स्वाद तो मिलता ही है लेकिन इसके साथ पोषण बेशुमार मिलता है पौराणिक काल से इन अनाजों की महत्ता रही है ऐसे में आज पुणे श्री अन्य मोटे अनाजों के चलन से न केवल स्वास्थ्य ही सुधरेगा बल्कि किसानों का भी विकास संभव हो सकेगा उपरोक्त बातें जनपद के सोनीधापा मैदान में मोटे अनाज से बने हुए स्वादिष्ट व्यंजनों को लेकर ईट राइट मिलेट्स मेले को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह ने



कहा। शुक्रवार को नगर के सोनीधापा मैदान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा उक्त मेले की शुरूआत कराई गई। जिसका शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री नूपुर अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंडल सहायक आयुक्त आजमगढ़ विनीत कुमार पांडेय ने बताया कि इस मेले के आयोजन का उद्देश्य आम जनमानस में श्रीअन्न को लोकप्रिय बनाना है। पूरे देश में मिलेट्स मेला के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मेले में श्रीअन्न से बने उत्पाद से लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों को भी प्रदर्शनी लगाई गई। यहां पर मऊ के लोगों ने मेले में अलग-अलग तरह के लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया। मेले में मोटे अनाज पर आधारित रेसिपी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिससे कि स्थानीय लोगों की रसोई में मोटे अनाज से बने अलग-अलग तरह के व्यंजनों को पहुंचाया जा सके। फूड फेस्टिवल राज्य खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला के माध्यम से मेले में मौजूद दर्शकों के सामने नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, मसालों के अंतर को समझाया गया। वहीं उन्हें घर बैठे पहचान करने के तरीकों के बारे में बताया गया। वर्तमान में मिलावटी खाद्य पदार्थों के चलते लोगों की सेहत से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है। खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट को घर बैठे पहचान को लेकर कुछ टिप्स भी बताए गए। उपनिदेशक कृषि एसपी श्रीवास्तव व जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि इस फेस्टिवल के माध्यम से मोटे अनाज से बने खाद्य पदार्थों को लेकर जागरूक किया गया।